अरुणाचल प्रदेश का राज्य स्थापना दिवस

स्रोत:पी.आई.बी

हाल ही में भारत के **प्रधानमंत्री** ने **अरुणाचल प्रदेश के 38वें राज्य स्थापना दिवस** पर वहाँ के लोगों को शुभकामनाएँ दीं।

- अरुणाचल प्रदेश का आधुनिक इतिहास **वर्ष 1826** में **यांडाबू की संधि (प्रथम आंग्ल-बर्मी युद्ध के बाद)** के माध्यम से शुरू हुए ब्रिटिश नियंत्रण से प्रारंभ होता है, जो **वर्ष 1838** तक **नॉर्थ ईस्ट फ्रंटियर एजेंसी (NEFA)** की स्थापना में विकसित हुआ।
    - वर्ष 1914 में **शिमला संधि** ने **तिब्बत और नेफा के बीच सीमा स्थापित** की जिसे चीन, तिब्बत एवं ब्रिटिश शासकों द्वारा मान्यता प्रदान की गई।
    - वर्ष 1962 से पहले अरुणाचल प्रदेश **असम के संवैधानिक अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत** था, जो बाद में अपने रणनीतिक महत्त्व के कारण अलग प्रशासन के तहत एक केंद्रशासित प्रदेश में परिवर्तित हो गया।
- **अरुणाचल प्रदेश** ने **20 फरवरी 1987 को पूर्ण राज्य का दर्जा** प्राप्त किया और साथ ही आदिवासी क्षेत्रों को विशिष्ट राज्य पहचान प्रदान करने की राष्ट्रीय नीति के अनुरूप **55वें संवैधानिक संशोधन** के माध्यम से **भारतीय संघ का 24वाँ राज्य** बन गया।

//

और पढ़ें... अरुणाचल प्रदेश

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/statehood-day-of-arunachal-pradesh-2